एक नजर में

अग्नि पीडितो को समाजसेवियों ने की मदद

भैंसदेही। भैंसदेही विधानसभा के विकासखंड भीमपुर के ग्राम रिंगढाना पिछले दिनो अनेको आदिवासी परिवार के आशियानें आंगजनी के कारण जलकर राख हो गये थे, जिसमें उनके पुरे जीवन का ग्रहस्थी का सामान जेवरात और नगदी रूपये जलकर खाक हो गये थे। पूर्व भाजपा राष्ट्रीय सदस्य जिला पंचायत सदस्य राजा ठाकुर के नेतृत्व में नगर के समाजसेवी रिगढाना पहुचे,जहा उन्होने पीडित परिवारों से मिलकर उन्हे वस्त्र एवं अन्य वस्तुए प्रदान कर उन्हे ढाढस बंधाया। पीड़ित परिवारों को महिलाओ के लिए 100 साडिया, बच्चो एवं पुरूषो के लिए कपडे और परिवार के काम आने लायक वस्तुए भी प्रदान की। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमति कुसुम सिंह किलेदार, प्राथमिक सहकारी सेवा समिति प्रबंधक दिनेश राठौर लेखापाल केशोराव महाले का भी सहयोग रहा।

ट्रेन यात्री हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बोरदेही रेलवे स्टेशन पर छिंदवाड़ा निवासी अली खान की सामूहिक मारपीट कर हत्या के मामले में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सागर धुर्वे को भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही हत्याकांड में शामिल सभी आठ आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। घटना 1 जून की रात छिंदवाड़ा-इंदौर पैसेंजर ट्रेन (क्रमांक 19344) में हुई थी। परासिया स्टेशन के पास अली खान और सागर धुर्वे के बीच सीट को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के बाद सागर ने अपने साथियों को बोरदेही रेलवे स्टेशन बुला लिया। ट्रेन रुकते ही अली खान को नीचे उतारकर सामूहिक रूप से बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अगले दिन रेलवे स्टेशन पर शव मिलने के बाद जीआरपी आमला ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के छह घंटे के भीतर पुलिस ने कन्हैया उर्फ काली, अयान खान, अमित उर्फ जीनू उबनारे और नवीन पाटिल को गिरफ्तार कर लिया था। फरार आरोपियों की तलाश में जीआरपी ने साइबर सेल, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद ली। जांच के दौरान कमलेश उइके उर्फ बाबा रामदेव, अंकुश कोराई और एक विधि-विरुद्ध बालक को तमिलनाडु के डिंडीगुल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मुख्य आरोपी सागर धुर्वे की तलाश जारी रही। साइबर सेल और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सागर के भोपाल के जहांगीराबाद क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद जीआरपी आमला की टीम ने भोपाल पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी के अनुसार, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही इस हत्याकांड के सभी आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। मामले की विवेचना पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वैज्ञानिक साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर की जा रही है।

मुहर्रम पर निकलीं सवारियां

बैतूल। मुहर्रम पर करबला के शहीदों, विशेषकर हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई। प्रमुख मस्जिदों में अशूरा के अवसर पर विशेष नमाज अदा की गई और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। दोपहर बाद शहर के विभिन्न मोहल्लों से पारंपरिक सवारियां निकाली गईं। निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए अकीदतमंदों ने नात-ख्वानी और मर्शिये पेश कर करबला के शहीदों को याद किया।

जिले में 306 जर्जर स्कूल भवन, भीमपुर ब्लाक में सबसे ज्यादा भवन

नवभारत न्यूज

बैतूल, 26 जून. बारिश का मौसम लगभग शुरू हो चुका है। लेकिन अभी तक जिले के जर्जर शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवनों को डिसमेंटल नहीं किया गया है। ऐसे में यह जर्जर स्कूल भवन बच्चों और शिक्षकों के लिए खतरा बने हैं।

जिले के स्कूला परिसरों में खड़े खंडहरनुमा भवन

जर्जर भवन बन सकते है बारिश में हादसे का कारण

हालांकि जर्जर भवनों में अध्यापन कार्य बंद कर दिया गया है और कई जगहों पर नए भवनों में स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन पुराने खंडहरनुमा भवन अब भी स्कूल परिसरों में खड़े हुए हैं। दरअसल जिला शिक्षा केंद्र ने जिले के 306 जर्जर स्कूल भवनों को जर्जर भवनों के रूप में चिन्हित किया है। जिन्हें डिसमेंटल करने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अभी तक इन भवनों का भौतिक सत्यापन कर इन्हें आधिकारिक रूप से जर्जर घोषित नहीं किया है। ऐसे में इन भवनों के गिरने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि स्कूल परिसर में खड़े जर्जर भवन बच्चों की आवाजाही और खेलकूद के बीच लगातार जोखिम पैदा कर रहे हैं। कई भवनों की दीवारें और छतें पहले से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। हालात यह है कि विभागीय सुस्ती के चलते डिसमेंटल प्रक्रिया पूरी तरह अटकी हुई है। जिला शिक्षा केंद्र का कहना है कि इन भवनों के फोटोग्राफ और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेजी है। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि जर्जर भवनों को आधिकारिक रूप से जर्जर घोषित किए बिना तोड़ने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है।

पंचायतें भी नहीं कर रहीं कार्रवाइ : जर्जर भवनों को हटाने की जिम्मेदारी पंचायतों की मानी जाती है, लेकिन पंचायतें भी बिना लिखित आदेश के कार्रवाई से बच रही हैं। यही कारण है कि कई स्कूल परिसरों में वर्षों पुराने खतरनाक भवन अब भी जस के तस खड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक चिंताजनक है, जहां बच्चों का इन भवनों के आसपास खेलना आम बात है। स्थानीय स्तर पर यह आशंका भी जताई जा रही है कि यदि तेज बारिश या आंधी के दौरान ये भवन गिरे तो बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों के बीच फाइलें घूम रही हैं और जमीन पर कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है।

जनपदों के माध्यम से 86 स्कूलों की मरम्मत : जिले के 306 जर्जर स्कूलों के अलावा 86 स्कूल ऐसे है, जिनकी मरम्मत का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि इन स्कूलों की मरम्मत जनपद के सहयोग से की जा रही है। डीपीसी सुधीर साकेत ने बताया कि जिले के 86 स्कूल की मरम्मत का कार्य शुरू है।

भीमपुर ब्लाक में सबसे अधिक जर्जर स्कूल भवन

जिले में सबसे अधिक जर्जर स्कूल भवन भीमपुर ब्लॉक में हैं। यहां 73 भवनों की हालत बेहद खराब है। इसके अलावा आठनेर में 32, बैतूल ब्लॉक में 21, भैंसदेही में 22, चिचोली में 25, घोड़ाडोंगरी में 38, मुलताई में 42, प्रभातपट्टन में 30 और शाहपुर में 14 भवन शामिल हैं। सबसे कम जर्जर भवन आमला ब्लॉक में 9 हैं। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा इन भ्झवनों के फोटोग्राफ और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेजी है। सके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाही नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि जर्जर भवनों को अधिकारिक रूप से घोषित किए बिना तोड़ने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है।

> जिले के 306 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवन जर्जर हैं। इनको हटाने के लिए प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी विभाग को भेजा जा चुका है। प्रस्ताव के साथ फोटोग्राफ और तकनीकी रिपोर्ट भी संलग्न की गई हैं, लेकिन विभाग ने किसी भी भवन को जर्जर घोषित नहीं किया है।
> **- सुधीर साकेत,** डीपीसी, जिला शिक्षा केंद्र बैतूल

तकनीकी स्टॉफ की कमी, इसलिए भी देरी

सूत्रों के मुताबिक पीडब्ल्यूडी विभाग के पास पर्याप्त तकनीकी स्टाफ नहीं होने के कारण प्रत्येक स्कूल तक पहुंचकर निरीक्षण करना मुश्किल हो रहा है। इसी वजह से जर्जर भवनों की जांच और रिपोर्ट तैयार करने में देरी हो रही है। इधर बारिश के कारण इन भवनों के गिरने का खतरा बढ़ गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल परिसर में खड़े जर्जर प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के भवनों को शिक्षा विभाग द्वारा तो जर्जर और खस्ताहाल मान लिया गया है, लेकिन अभी तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इन भवनों को डिसमेंटल किये जाने के लिए प्रक्रिया शुरू नहीं की है। इस वजह से यह भवन स्कूल परिसर में खतरा बनकर खड़े हुए है।

पेपर लीक से बर्बाद हुआ लाखों छात्रों का भविष्य : निलय डागा

बैतूल। देशभर में आयोजित किए जा रहे छात्रों की गूंज-जन संवाद अभियान के तहत बैतूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमो को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सरले सेलिब्रेशन मैरिज गार्डन में पत्रकार वार्ता कर इसकी रूपरेखा, उद्देश्य और प्रमुख मुद्दों को सामने रखा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा ने कहा कि पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ियों के कारण हजारों-लाखों विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हुआ है। उन्होंने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2014 से 2026 तक भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में

90 से अधिक पेपर लीक हो गए हैं जो गंभीर राष्ट्रीय समस्या बन गया है। श्री डागा ने बताया कि कांग्रेस का यह अभियान देश के विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों को सामने लाने की पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, स्वास्थ्य, किसानों और आदिवासियों से जुड़े विषय आज सबसे बड़े जनसरोकार बन चुके हैं और इन्हीं मुद्दों पर युवाओं से सीधा संवाद किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी सुनील उइके, प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। निलय डागा ने आरोप लगाया कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए अवसर का माध्यम बनने के बजाय शोषण का तंत्र बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं के निरस्त होने, बढ़ती बेरोजगारी, विद्यार्थियों में मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाओं ने लाखों परिवारों को प्रभावित किया है। उनका दावा था कि पेपर लीक विवाद के बाद परीक्षा निरस्त होने से लेकर 21 जून तक 46 दिनों में 14 से अधिक विद्यार्थियों ने आत्महत्या की।

रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई, प्रकरण दर्ज

बैतूल। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 25 जून को जिले की मुलताई तहसील के ग्राम परमंडल स्थित भूमि पर खनिज रेत के अवैध भंडारण की सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुलताई के नेतृत्व में राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए उक्त क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुलताई, तहसीलदार मुलताई, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा ग्राम

परमंडल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 538/2/ 1/2/1/1 /1/1/ 1/1/1/2, रकबा 0.025 हेक्टेयर के अंश भाग पर एक ढेर के रूप में खनिज रेत का अवैध भण्डारण पाया गया, जिसकी माप करने पर मौके पर खनिज रेत की मात्रा 84 घन मीटर पाई गई। संयुक्त अमले द्वारा जांच एवं कार्यवाही के दौरान उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड में अनिरूद्ध पिता गेण्डू गढेकर निवासी सर्रा मुलताई के नाम से दर्ज होना पाई गई। उक्त भूमि पर भूमि स्वामी द्वारा बिना अनुमति के खनिज रेत का अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। उक्त अवैध रूप से भण्डारित खनिज रेत मात्रा को जब्त कर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही गई है। उपरोक्त अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत अर्थदण्ड की राशि प्रस्तावित कर प्रकरण न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर लौटे शिक्षक हरिराम साहू

बैतूल। भगवान शिव के पावन धाम कैलाश मानसरोवर की कठिन एवं दिव्य यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर शंकर नगर, भग्गूढाना निवासी शिक्षक हरिराम साहू एवं उनके छोटे सुपुत्र विक्की साहू के बैतूल लौटने पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा भगवान भोलेनाथ से उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। हरिराम साहू धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय रहे हैं। वे अब तक बारहों ज्योतिर्लिंगों के दर्शन, चारधाम यात्रा, दो बार भगवा यात्रा तथा एक बार कांवड़ यात्रा श्रद्धापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने तीन बार श्रीमद्भागवत कथा एवं एक बार शिव महापुराण कथा का सफल आयोजन भी कराया है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। सनातन धर्म में कैलाश मानसरोवर यात्रा को अत्यंत पवित्र एवं दुर्लभ माना जाता है। दुर्गम पर्वतीय मार्गों और कठिन प्राकृतिक परिस्थितियों के बीच इस यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न करना अटूट आस्था, दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

नशा मुक्ति दिवस पर ली नशा छोड़ने की शपथ

बैतूल। मेरा युवा भारत बैतूल युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अभियान के तहत बैतूल में शुक्रवार को टरग नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम में नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसानों पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। उपस्थित युवाओं नशा मुक्ति हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और

समाज को भी तोड़ देता है। तंबाकू, शराब, गुटखा व अन्य मादक पदार्थों से कैंसर, लीवर खराब होना, मानसिक तनाव और आर्थिक बर्बादी जैसी गंभीर समस्याएं पैदा होती हैं। रोशनी आर्य ने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और नशे की लत उनकी ऊर्जा व सपनों को खत्म कर देती है। अंकित गवाडे ने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल और रचनात्मक कार्यों से जुड़ें। धनंजय सिंह ठाकुर ने मेरा युवा भारत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मंत्रालय का लक्ष्य युवाओं की शक्ति को सही दिशा देना है।

श्री विनायकम स्कूल में आज होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

बैतूल। समग्र शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण करने के उपलक्ष्य में श्री विनायकम स्कूल द्वारा आज 27 जून को प्रात: 8.45 बजे विद्यालय परिसर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह उड़ान... सपनों की का आयोजन किया जाएगा। समारोह में उन मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के दौरान सीबीएसई कक्षा 12 विज्ञान संकाय के छात्र नीरज नहारिया, जिन्होंने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, तथा मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 12 वाणिज्य संकाय के छात्र कृतिक नागले, जिन्होंने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं, उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नर्सरी से कक्षा 12 तक के शैक्षणिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यह समारोह विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के साथ शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करेगा।

पेड़ों की शाखाओं से घिरी हाईटेंशन लाइनें

पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) पाथाखेड़ा क्षेत्र में वर्षों पुरानी बड़ी बिजली लाइनों के आसपास फैली पेड़ों की शाखाएं अब गंभीर खतरे का कारण बनती जा रही हैं। लगातार बारिश, तेज हवा और तूफान के मौसम में हाईटेंशन तारों से टकराती टहनियों के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र में छोटी लाइनों में बार-बार फॉल्ट होना और घंटों बिजली गुल रहना अब आम समस्या बन चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर बड़े और छोटे पेड़ों की शाखाएं सीधे बिजली तारों को

छू रही हैं, जिससे स्पार्किंग और लाइन ब्लास्टिंग जैसी घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते पेड़ों की कटाई-छंटाई नहीं कराई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों पर होगी। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन हर बार जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालकर मामले को टाल दिया जाता है।

पुलिस ने नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

मुलताई। जिला पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के नेतृत्व में जिले भर में सेफ2.0 अभियान चलाया जा रहा हैं।जिसके चलते शुक्रवार को बस स्टैंड मुलताई में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान एएसआई विजय जोठे एवं थाना मुलताई स्टाफ द्वारा यात्रियों, वाहन चालकों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को साइबर अपराधों के नए तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस/सीबीआई अधिकारी

बनकर कॉल, फर्जी कस्टमर केयर, ऑनलाइन लोन, क्यूआर कोड फ्रॉड, व्हाट्सएप हैक, स्क्रीन शेयरिंग एप एवं सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक संबंधी जानकारी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा किसी के कहने पर एनीडेस्क या अन्य स्क्रीन शेयरिंग एप डाउनलोड न करें। इस अवसर पर आमजन को सायबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता पम्पलेटों का वितरण भी किया गया तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने एवं निकटतम पुलिस थाने को सूचना देने की सलाह दी गई। थाना मुलताई पुलिस द्वारा नागरिकों से स्वयं जागरूक रहने एवं दूसरों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। साथ ही कहा कि किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करे। साइबर ठगी की शिकायत करने के लिए नंबर भी सांझा किये।

पत्र ताप्ती ट्रस्ट की मांग को बल देने वाले तथ्यों में नगरपालिका मुलताई की पहल भी महत्वपूर्ण मानी जा रही

ताप्ती ट्रस्ट के गठन को लेकर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कलेक्टर को लिखा पत्र

मुलताई। पवित्र नगरी में ताप्ती ट्रस्ट के गठन को लेकर विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कलेक्टर को पत्र लिखा हैं। वर्ष 2009 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में पवित्र नगरी घोषित किए जाने के बावजूद 17 वर्षों तक फाइलों में उलझा ताप्ती ट्रस्ट का मुद्दा अब एक बार फिर प्रशासनिक और राजनीतिक केंद्र में आ गया है। मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख ने जिला कलेक्टर बैतूल को पत्र प्रेषित कर पवित्र नगरी मुलताई में म.प्र. राजपत्र (असाधारण) में 23 जून 2009 को प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक 233 का हवाला देते हुए स्पष्ट कहा है कि पवित्र नगरी घोषित होने के बाद से आज दिनांक तक ताप्ती ट्रस्ट का गठन नहीं होना मुलताई के विकास में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि श्री क्षेत्र ताप्ती उद्गम स्थल पर स्थित प्राचीन मंदिरों का संयुक्त रूप से राजस्व विभाग एवं नगरपालिका परिषद मुलताई द्वारा चिन्हांकन कराया गया था, जिसके बाद राजस्व विभाग ने अनुवृत्ति पत्र क्रमांक 0613/ब/121, वर्ष 2024-25, दिनांक 6 मई 2025 के माध्यम से मां ताप्ती के प्राचीन मंदिर सहित कुल 35 प्राचीन मंदिरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर लिया है। विधायक ने अपने पत्र में यह भी रेखांकित किया है कि मां ताप्ती उद्गम सरोवर, विभिन्न पवित्र कुंडों तथा ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र का सीमांकन कर उन्हें नगरपालिका परिषद मुलताई क्षेत्र के अंतर्गत विधिवत दर्ज किया जा चुका है। वर्तमान में इन समस्त धार्मिक परिसंपत्तियों का स्वामित्व राजस्व अभिलेखों में कलेक्टर बैतूल के नाम सर्वराकार के रूप में दर्ज है। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 के प्रावधानों के तहत इन मंदिरों एवं सम्पूर्ण तीर्थ क्षेत्र के संरक्षण, प्रबंधन और विकास के लिए मां ताप्ती मंदिर समिति नाम से एक शासकीय ट्रस्ट का गठन आवश्यक बताया गया है। ताप्ती ट्रस्ट की मांग को बल देने वाले तथ्यों में नगरपालिका परिषद मुलताई की पहल भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने भी कलेक्टर बैतूल को पत्र लिखकर ताप्ती ट्रस्ट गठन की आवश्यकता जताई थी। प्रस्ताव में यह स्पष्ट किया गया था कि वर्ष 2009 में पवित्र नगरी का दर्जा मिलने के बाद भी ट्रस्ट के अभाव में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास की संभावनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकीं। इसके लिए राजपत्र की प्रति, 35 मंदिरों की सूची, खसरा प्रतियां तथा ताप्ती नदी सीमांकन रिपोर्ट भी संलग्न की गई थी। सभी प्रशासनिक, राजस्व और पर्यटन संबंधी तैयारियों के बीच बड़ा प्रश्न यही है कि क्या 17 वर्षों से लंबित ताप्ती ट्रस्ट के गठन पर आखिरकार निर्णय होगा।

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भी सक्रिय

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यटन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की सक्रियता भी है। 11 सितंबर 2025 को ताप्ती उद्गम स्थल, मुलताई, जिला बैतूल के विकास को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें इस क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन महत्व को रेखांकित करते हुए विकास की संभावनाओं पर विचार किया गया। दस्तावेजों में उल्लेख है कि सतपुड़ा के पठार पर स्थित मुलताई सूर्यपुत्री मां ताप्ती के उद्गम स्थल के रूप में देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां स्थित प्राचीन और नवीन मंदिरों में मां ताप्ती की पूजा होती है। नगर राष्ट्रीय राजमार्ग-47 से जुड़ा हुआ है, मुलताई रेलवे स्टेशन इसकी निकटतम रेल संपर्क सुविधा है।

अमित राज राठौर बने खाद्य सुरक्षा अधिकारी

बैतूल। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा-2025 के परिणाम में टिकारी निवासी शिक्षक मुन्नालाल राठौर एवं माता राजमति राठौर के सुपुत्र अमित राज राठौर का चयन खाद्य सुरक्षा अधिकारी पद पर हुआ है। अमित राज राठौर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर टिकारी से प्राप्त की, जिसके बाद उन्होंने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल से आगे की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से स्नातक स्तर की शिक्षा पूर्ण की। अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

नव भारत
घोड़ाडोंगरी, शोभापुर, बैतूल बाजार, बोरदेही, प्रभातपट्टन मे
नवभारत समाचार पत्र वितरण के लिए एजेंसी देना है इच्छुक उम्मीदवार

संपर्क करें
भूपेन्द्र पटवा
प्रसार इंचार्ज
मो. 7828549007